FINANCE (SHRI BRAHM DUTT): (a) Yei, Sir.

(b) According to the information fur nished by the Bombay Stock Exchange, 280 complaints were received by that Ex change upto 11th March, 1987 from in vestors and stock-brokers regarding the delay on the part of Reliance Industries Ltd., Bombay to return 4, 53, 566 shares sent to the company for transfer before the 28: h November, 19§6 which was the record date for the purpose of entitlement of right issues of "G" series debentures.

(c) A little over 18 lakh shares of the Company had been lodged fo$_r$ transfer upto 31st- December, 1986 and out of this a little over 10 lakh shares had been despatched to the concerned parties. About 8 lakh shares are presently with Reliance Consultancy Services Ltd., Registrar and Share Transfer Agent$_s$ of the company, which are also expected to be despatched to the concerned parties in a few days time.

यूरेनियम से उत्पन्न होने वाले खतरों से सुरक्षा

2701. **श्री शरद यादव :** क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान "परि-वर्तन" के 12—19 फरवरी, 1987 के अंक में यूरेनियम के संबंध में प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस मामले में कोई जांच की गई है ;

(ग) इससे उत्पन्न होने वाले खतरों से बचाव और राष्ट्र तथा लोगों की सुरक्षा के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं; और

(घ) क्या विकलांग हो रहे बच्चों की देखभाल के लिये, फैलती जा रही बीमारियों से संरक्षण प्रदान करने के लिये तथा पीड़ितों को मुआवजा देने के लिये कोई समिति बनाई गयी है; यदि हां, तो उसके प्रतिवेदन के कब तक प्राप्त होने की संभावना है ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) और (ख) सरकार इस मामले की जांच कर रही है ।

(ग) हमारे देश की सभी न्यू-क्लियर स्थापनाओं में, जिनमें यूरेनियम की खानें और मिलें भी शामिल हैं, सुरक्षा संबंधी विशेषताएं तथा बचाव संबंधी सुरक्षोपाय अन्तर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार अपनाए जाते हैं तथा इन स्थापनाओं का आवधिक निरीक्षण परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा किया जाता है। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के स्वास्थ्य भौतिकी यूनिट तथा पर्यावरण सर्वेक्षण प्रयोगशाला, जिनकी स्थापना जादुगुडा में 1965 में की गई थी, संयंत्र तथा पर्यावरण की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाए रखने के लिए प्रचालन-कार्यों पर लगातार निगरानी रखते हैं ।

(घ) जी, नहीं । जादुगुडा में प्राकृतिक पृष्ठभूमि से संबंधित विकिरण का स्तर अन्य क्षेत्रों में विद्यमान विकिरण के ऐसे स्तरों से भिन्न नहीं हैं । इस कारण से जादुगुडा में विकिरण का कोई ऐसा अधिक प्रभाव नहीं पड़ता है जिससे बच्चों के बीमार या विकलांग होने की संभावना हो ।

देश में बीड़ी उद्योग से प्राप्त उत्पाद-शुल्क

2702. **श्री शरद यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार बीड़ी उद्योग से उत्पाद-शुल्क के रूप में सरकार को कल कितनी धनराशि प्राप्त होती है; और

(ख) सरकार ने देश में बीड़ी उद्योग में कार्यरत कर्मकारों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिये कितनी राशि खर्च की है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) वर्ष 1985–8 के दौरान बीड़ी पर 144.83 करो